Hindi | हिन्दी

निवासियों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने में हमारी मदद करें

निवासियों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उन्हें साल के हर दिन, दिन के 24 घंटे उनके लिए आवश्यक देखभाल और सहायता मिलती है।

1

यदि कोई रात को या शनिवार-रविवार को बीमार पड़ जाता है तो क्या होता है?

- हमारे पास यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत सारे विकल्प हैं कि सहायता शीघ्रता से उपलब्ध होती है।
- हमारे पास एक नर्स उपलब्ध है, साथ ही डॉक्टरों, अन्य नर्सों, फार्मासिस्टों, अस्पतालों और एम्बुलेंस सेवा के सीधे संपर्क हैं।
- हम डॉक्टर के केयर होम आने की प्रतीक्षा करने के बजाय तत्काल विशेषज्ञ सलाह लेने के लिए “टेलीहेल्थ” — फोन और वीडियो कॉल — का उपयोग करने में सक्षम हैं।
- आपातकालीन विभाग के चक्कर लगाना परेशान करने वाली बात हो सकती है, इसलिए जहाँ संभव हो डॉक्टर और नर्स बीमार निवासियों की, उनके अपने कमरों में देखभाल करेंगे।
- यदि आप एक आपातकालीन संपर्क के रूप में सूचीबद्ध हैं, तो चिंता का कोई कारण होने पर हम आपको कॉल करेंगे।

phn EASTERN MELBOURNE
An Australian Government Initiative

Ambulance Victoria

VED
VICTORIAN VIRTUAL EMERGENCY DEPARTMENT
Northern Health

2

सहायता करने के लिए आप क्या कर सकते/ती हैं?

- यह सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ बात करें कि निवासी के जी.पी. (डॉक्टर) के और अन्य संपर्क अप-टु-डेट हैं। साथ मिलकर हम कार्य-घंटों के पश्चात की देखभाल के लिए एक योजना तैयार कर सकते हैं।
- यदि आप किसी निवासी को स्वास्थ्य देखभाल जांच के लिए बाहर ले जाते/ती हैं, तो कृपया उपचार का सारांश मांगें और वापस आने पर इसे हमारे साथ साझा करें।
- यदि निवासी के पास अग्रिम देखभाल योजना है, या उनकी ओर से कार्रवाई करने के लिए किसी को नियुक्त किया गया है, तो यह सुनिश्चित करें कि हमारे पास वे विवरण हैं।

3

आप और क्या कर सकते/ती हैं?

- निवासी से अग्रिम देखभाल योजना के बारे में बात करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी इच्छाओं का सम्मान किया जाता है।
- यदि आवश्यक हो, तो पावर ऑफ अटॉर्नी स्थापित करने या चिकित्सा उपचार निर्णयकर्ता को नियुक्त करने पर चर्चा करें।
- यह सुनिश्चित करने के लिए हमसे बात करें कि हमारे पास आपके निवासी के लिए सर्वोत्तम एवं संपूर्ण देखभाल प्रदान करने हेतु आवश्यक सभी जानकारी है।
- उपचार के कुछ विकल्प हैं जो आपके लिए नए हो सकते हैं। विक्टोरियन वर्चुअल इमरजेंसी डिपार्टमेंट (Victorian Virtual Emergency Department) (vved.org.au) की वेबसाइट देखने और “आवासीय इन-रीच सेवाओं” के लिए स्वास्थ्य विभाग (Department of Health) की वेबसाइट (health.vic.gov.au) पर खोज करने का विचार करें।